# श्याम देने वाले हैं | By Vijay Gangwani

श्याम देने वाले हैं हम लेने वाले
आज खाली हाथ नहीं जाना
जिसे चाहिए वो हाथ उठाना

रोज़ रोज़ मांगने का झंझट ही छोड़ दो
जिसे जितना चाहिए वो आज मुंह से बोल दो
आज अच्छा मौका है किसने तुम्हे रोका है
बिलकुल भी ना शर्माना
जिसे चाहिए वो हाथ उठाना

लाखो भक्त लेने वाले दातार एक है
पल में बदल देता किस्मत की रेख है
भक्त थोड़े ज़्यादा हैं लेने का इरादा है
सबसे पहले हाथ तुम उठाना
जिसे चाहिए वो हाथ उठाना

हाथ में ना आये तो झोली पसार ले
खूब लेके जाना आज इसके दरबार से
झोली भर जाए गर काम बन जाए तो
बनवारी रोज़ गुण गाना
जिसे चाहिए वो हाथ उठाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-vijay-gangwani/